तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 बलरामपुर सहित आसपास के गांव के जंगलों में किया जा रहा वन्य जीवों का शिकार



खबर संक्षेप

सेवा सेतु शिविरः स्वच्छता प्रहरियों का बढ़ा उत्साह

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत भरतपुर में आयोजित सेवा सेतु शिविर में स्वच्छता एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय स्वच्छाग्राहियों एवं स्वच्छता प्रहरियों की टीम जोश को प्रोत्साहित करते हुए स्वच्छता किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कार्यों से जुड़े लोगों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ समाज में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को और मजबूत करना रहा। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा स्वच्छता प्रहरियों को स्वच्छता किट प्रदान की गई। अतिथियों ने स्वच्छता प्रहरियों द्वारा गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर स्वच्छता प्रहरियों ने बताया कि स्वच्छता केवल एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।

13 को रोजगार मेला 151 पदों पर होगी भर्ती

बैकुण्ठपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बैकुंठपुर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर 2026, मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला कलेक्ट्रेट परिसर, जिला पंचायत के पीछे, गढ़कलेवा के बगल में बैकुंठपुर में आयोजित होगा। रोजगार मेले में विभिन्न निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थाएं भाग लेंगी। मेले के माध्यम से कुल 151 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन में 36, फायरमेन में 10, सिक्योरिटी गार्ड में 25, पैकिंग स्टाफ में 12, होटल मेनेजमेंट में 25 वेल्डर में 18 तथा इलेक्ट्रीशियन में 25 पद शामिल हैं। भर्ती के लिए 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक एवं वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

मां दुर्गा की आराधना की तैयारियां अंतिम दौर में, सज रहे पूजा पंडाल

शारदीय नवरात्र : कल से मंदिरों में जलेंगे मनोकामना ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पितरों की विदाई के साथ ही अब शक्ति की आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र की शुरूआत होने जा रही है।

रविवार 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले 9 दिवसीय नवरात्र को लेकर बैकुण्ठपुर शहर सहित कोरिया और एमसीबी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। देवी मंदिरों से लेकर सार्वजनिक पूजा पंडालों तक मां दुर्गा की आराधना के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जगह-जगह भव्य एवं आकर्षक



पंडाल बनाए जा रहे हैं, वहीं देवी प्रतिमाओं को भी अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बनने लगा है।

⏭शेष पेज 2 पर

देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

नवरात्र के नजदीक आते ही मूर्तिकारों की व्यस्तता भी बढ़ गई है। शहर के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेजी से चल रहा है। मूर्तिकार प्रतिमाओं की रंगाई, सजावट और शृंगार में जुटे हैं, ताकि निर्धारित समय पर पूजा समितियों को प्रतिमाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कई दिनों से चल रही तैयारियों के बाद अब प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



पितृपक्ष पखवाड़े का अंतिम दिन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पितृपक्ष के अंतिम दिन पितृ मोक्ष अमावस्या को पूरे जिले में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ अपने दिवंगत पितरों को जल अर्पण कर श्रद्धापूर्वक याद कर विधि विधान के साथ विदाई दी जाएगी।

सुबह से ही इस दिन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नदी सरोवरों में तर्पण करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष में हमारे पूर्वज धरती पर आते है और पूर्वज अमावस्या तिथि पर तर्पण और पिंडदान स्वीकार कर पुनः अपने लोग लौट जाते है इस अवसर पर श्रद्धाजलुओं ने पितरों को निमित

■ नदी सरोवरों में तर्पण देंगे श्रद्धालु

धूप ध्यान कर ब्राम्हण भोजन करा कौवे, गाय व श्वान को भोजन निकालकर देते है तथा ब्राम्हणों एवं जरूरतमंदों को दानपुण्य कर पितरों को विधि विधान के साथ विदा आज करेंगे। उल्लेखनीय है कि पितर पक्ष की शुरूआत के दिन से अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट करने के लिए लोग अपने पितरों को भोजन पानी प्रतिदिन देते है और नियम संयम का पालन करते हुए जिस दिन जिनके पूर्वजों की तिथि होती है उस दिन विधि विधान के साथ तर्पण, पिंडदान व ब्राम्हण भोजन कराया जाता है और दान पुण्य किया जाता है। इस तरह एक पखवाड़े तक चला और जिन पितरों की तिथि ज्ञात नही है उन्हें अंतिम दिन पितृमोक्ष अमावस्या पर तर्पण पिंडदान कर आज विधि विधान के साथ विदाई दी जाएगी।

एलपीजी उपभोक्ताओं के निलंबित 2,066 गैस कनेक्शन फिर हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस की उपलब्धता के आधार पर निलंबित किए गए 2,066 एलपीजी गैस कनेक्शनों को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026 को पुनः सक्रिय कर दिया। इसके साथ ही संबंधित उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर बुकिंग की सुविधा भी बहाल हो गई है।

इस निर्णय से उन हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिली है, जिन्हें गैस कनेक्शन निलंबित होने के कारण बुकिंग में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिले में पिछले कुछ दिनों से पाइपलाइन की उपलब्धता के आधार पर कई एलपीजी कनेक्शनों के निलंबित होने की समस्या सामने आ रही थी। मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में पीएनजी की सुविधा उपलब्ध है और

■ जिला प्रशासन की तत्परता और इंडियन ऑयल के प्रयासों से उपभोक्ताओं को मिली राहत



जो निर्धारित मानदंडों के अंतर्गत आते हैं, वहां एलपीजी कनेक्शन को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही थी। हालांकि, इस प्रक्रिया के दौरान जिले के कुछ ऐसे क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी निलंबित हो गए थे, जहां अभी तक पाइपलाइन नहीं पहुंची थी अथवा गैस की आपूर्ति शुरू नहीं हुई थी।

उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन, खाद्य विभाग और इंडियन ऑयल के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए गए। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी 2,066 निलंबित एलपीजी कनेक्शनों को पुनः सक्रिय कर दिया। अब संबंधित उपभोक्ता पहले की तरह निर्धारित माध्यमों से गैस सिलेंडर बुक कर सकेंगे तथा नियमानुसार उन्हें गैस की डिलीवरी भी मिल सकेगी। ⏭शेष पेज 2 पर

आधार में टउइ जिला अपडेट होने से ई-केवाईसी की समस्या भी दूर

एलपीजी उपभोक्ताओं को दूसरी बड़ी राहत ई-केवाईसी से जुड़ी तकनीकी समस्या के समाधान के रूप में मिली है। जिले के कई ऐसे उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने में परेशानी हो रही थी, जिन्होंने अपने आधार कार्ड में कोरिया जिले के स्थान पर एमसीबी जिला अपडेट करा लिया था। सिस्टम में जिले का विवरण अपडेट नहीं होने के कारण उनकी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस तकनीकी समस्या का भी समाधान कर दिया है। अब आधार कार्ड में जिला अपडेट करा चुके संबंधित उपभोक्ता भी ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इससे उन उपभोक्ताओं को विशेष राहत मिलेगी, जो तकनीकी कारणों से लंबे समय से इस प्रक्रिया को पूरा करने में कठिनाई का सामना कर रहे थे।

कला उत्सव में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

बैकुंठपुर। कला उत्सव 2026-27 में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोरिया, छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण कलात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक समर्पण का परिचय देते हुए शानदार उपलब्धि हासिल की है।

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला पंडवानी पर आधारित प्रस्तुति कुपित याज्ञसेनी ने क्षेत्रीय कला उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक-सांस्कृतिक विरासत को गौरवान्वित किया है। पारंपरिक कथावाचन की समूह श्रेणी में प्रस्तुत कुपित याज्ञसेनी महाभारत के द्रौपदी प्रसंग पर आधारित है। इस प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पंडवानी शैली के माध्यम से न्याय, धर्म, साहस, नारी सम्मान और अटूट आस्था जैसे भारतीय जीवन-मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।



खबर संक्षेप

समान नागरिक संहिता पर एमसीबी से भी प्रतिनिधिमंडल में



मनेद्रगढ़। समान नागरिक संहिता (यू सी सी) लागू किए जाने तथा इसके प्रारूप तैयार करने के लिए शासन के द्वारा उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। उक्त समिति के कार्यों को सुचारू संचालन की विधि एवं प्रशासनिक समन्वय तथा प्रकरणों के तुरंत निस्तारण हेतु अंबिकापुर में समूह चर्चा एवं परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एमसीबी जिले से वरिष्ठ योग प्रशिक्षक एवं समाज सेवी सतीश उपाध्याय, विनोद तिवारी साहित्यकार, आदित्य राज डेविड जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक समाज बीजेपी एवं मसीह समाज, जनार्दन केवट रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी, गढ़मान्य नागरिक, एवं यादव समाज के अध्यक्ष सरजू यादव, पार्षद ओमप्रकाश जायसवाल अंबिकापुर पीजी कॉलेज के ऑडियो मीडियम हाल में आयोजित बैठक में एमसीबी जिले की ओर से प्रतिनिधित्व किया। मनेद्रगढ़ से प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागियों ने समान नागरिक संहिता पर विचार व्यक्त करते हुए एक समान विधिक प्रावधानों एवं नागरिकों के व्यक्तिगत मामलों के संबंध में चर्चा की। जिसमें विवाह एवं तलाक भरण पोषण उत्तराधिकार एवं विरासत लिव इन संबंध आदि विषयों पर प्रतिभागियों ने पृथक पृथक विचार व्यक्त किया।

बसपा के कार्यकर्ताओ ने कांशीराम के विचारों को आत्मसात करने लिया संकल्प



बैकुंठपुर। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला कोरिया, एमसीबी एवं सूरजपुर स्तरीय बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सर्व आदिवासी समाज भवन, प्रेमाबाग, जिला कोरिया में आयोजित हुआ। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओ ने कांशीराम साहब के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों और सामाजिक परिवर्तन के संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के जीवन, उनके संघर्ष और बहुजन समाज को संगठित करने में उनके योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम साहब ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को जागरूक कर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया जन-जागरूकता चौपाल का शुभारंभ



बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव के द्वारा युवा नेता राहुल खटीक द्वारा जन-जागरूकता चौपाल का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना है। जन-जागरूकता चौपाल के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया जाएगा तथा आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और लोगों को उनके अधिकारों एवं सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है। युवा नेता राहुल ने कहा कि जनसेवा और जन-जागरूकता के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना इस अभियान की प्राथमिकता है।

अवैध शराब कारोबार में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

बलरामपुर। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वृत्त वाड्रफनगर क्षेत्र में दो अलग-अलग प्रकरण कायम किए हैं। पहले प्रकरण में तुगवा निवासी 35 वर्षीय समय लाल आ. दुखी के कब्जे से 13 नग पाव गोवा शराब जब्त की गई। इसकी बाजार कीमत करीब 1560 रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1)(क), 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। दूसरे प्रकरण में तुगवा निवासी 52 वर्षीया लीलावती पति जवाहिर के कब्जे से 24 लीटर महुआ शराब तथा 90 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। जब्त सामग्री की बाजार कीमत करीब 24 सौ रूपए आंकी गई है।

जंगल में जीआई तार से करंट प्रवाहित कर करते हैं शिकार

बलरामपुर सहित आसपास के गांव के जंगलों में किया जा रहा वन्य जीवों का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय एवं उसके आसपास के क्षेत्र में वन विभाग के लापरवाही के कारण आए दिन वन्यजीव का शिकार किया जा रहा है बावजूद इसके अवैध शिकार पर रोकथाम के लिए विभाग की तरफ से कोई उचित पहल नहीं की जा रही जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।

खास बात
- वन विभाग के कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

बलरामपुर क्षेत्र के डूमरखी, दलधोआ, सेमरसोत, कंडा, सिंदूर, सोनहरा सहित आसपास के जंगलों में इन दिनों तेजी से वन्यजीव का शिकार किया जा रहा है लेकिन इन शिकारियों को पकड़ने के लिए वन विभाग के सिपाही रेजर से लेकर के आल्हा अफसर तक मौन हैं।संबंधित बीट क्षेत्र के सिपाही अफसर वन्य जीव की सुरक्षा के लिए वन क्षेत्र में भ्रमण के बजाय कार्यालय में बैठे-बैठे से कुर्सी तोड़ रहे हैं।मुख्यालय क्षेत्र के जंगलों में पूर्व में कई जंगली जानवरों के शिकार करने का मामला प्रकाश में आ चुका है और हाथी, हिरण, जंगली सूअर, बारासिंघा सहित कई वन्य जीव का शिकार करने के मामले में कई बार आरोपी गिरफ्तार भी जा चुके हैं। ऐसे मामले तभी उजागर होते हैं जब किसी द्वारा वन विभाग को सूचना दिया जाता है लेकिन वन विभाग द्वारा स्वयं के टीम द्वारा शिकारी को पकड़ने में आज तक विभाग में नाकाम रही है। लगभग 1 वर्ष पूर्व जिला मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर दूर डुमरखी जंगल में जंगली जानवरों के शिकार करने के लिए 35 केवी तार से जीआई तार के माध्यम से करंट प्रभावित किया गया था ताकि जंगली जानवर इसमें फस सके लेकिन उस करंट में जंगली जानवर के बजाय देर रात एक युवक और युवती तंरगित तार में फंस गया जिससे दोनों की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि इस घटना को भूल गए लेकिन समय रहते विभाग के कर्मचारी जंगलों की छान मारते तो शायद उन दोनों युवक युवती की जान बन सकती थी। लगभग 15 दिवस पहले ठीक उसी जगह शिकारी द्वारा जीआई तार के माध्यम से 33 केवी गुजरे लाइन से करंट प्रवाहित करके वन्य जीव के शिकार करने के लिए तार का जाल फैलाया गया था। गनीमत था कि बारिश होने से विद्युत लाइन में कहीं फाल्ट हो जाने की वजह से जिले में लंबी अवधि से लाइट प्रभावित हो गया। विद्युत विभाग की टीम ने बार-बार लाइट एवं काटने की जांच की तो कर्मचारियों ने पाया कि लाइट में जंगली क्षेत्र से कहीं फाल्ट है। विद्युत विभाग के कर्मचारी जंगली की ओर चले तो मुख्यालय से लगभग के जंगल किनारे पहुंचे तो वहां 33 केवी लाइन से वन्यजीव का शिकार करने के लिए तार के माध्यम से करंट प्रवाहित किया गया था और तार का लंबा जाल फैलाया गया था विभाग द्वारा देरी किए बगैर तुरंत तार को अपने कब्जे में लिया और विद्युत लाइन की फाल्ट को सुधार किया। समय रहते विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा तार के जाल को हटा दिया नहीं तो फिर से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज भी जंगल में वन्य जीवों का शिकार धड़ल्ले से किया जा रहा है।



जंगल से जब्त जीआई तार।

दूसरे विभाग करती है कार्रवाई

जंगल की सुरक्षा वन विभाग की है। विभाग पर पेड़ों की अवैध कटाई से लेकर वन्य जीवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। विभाग जंगल में अवैध कटाई तथा जंगल में वन्य जीवों अवैध शिकार पर अंकुश लगाने निगरानी रखना जरूरी है। हैरानी की बात तो यह है कि जो काम वन विभाग की टीम को करना चाहिए वह काम दूसरे विभाग द्वारा की जाती है। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही जंगल में बिछाए गए तरंगित तार को वन विभाग के बजाए दूसरे विभाग की टीम ने पहुंच कर कार्रवाई की जबकि वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं थी। इतना ही नहीं वन विभाग में इतनी लापरवाही है कि वन्य जीव का तो छोड़िए पक्षियों के शिकार करने वाले लोगों को पकड़ने में असफल रही है। इतना ही नहीं विभाग को कोई सूचना देता भी है तो जल्दी कार्रवाई के लिए यह जंगल कि ओर जाते भी नहीं है और फोन तक उठाना मुनासिब नही समझते।

विभाग पर गिर चुकी है गाज

हाथियों एवं वन्य जीवों का शिकार करने के मामले में जिले में वन मंडल अधिकारी तक के ऊपर गाज गिर चुकी है लेकिन इसके लिए मंडल अधिकारी से ज्यादा बीट के सिपाही बीट के दरोगा और रेंजर जिम्मेदार रहते हैं। लेकिन उनके ऊपर गाज नहीं गिरती है। कुछ वर्ष पहले तत्कालीन अनुमंडल अधिकारी प्रणय मिश्रा के ऊपर इस तरह की कार्रवाई की जा चुकी है इसके बाद भी जिले की आला अधिकारी शिकारियो के शिकार करने पर रोक लगाने में नाकाम है।

विभाग की टीम क्षेत्र में करती है दौरा

वन विभाग के टीम हमेशा क्षेत्र का दौरा करती है। शिकारी पकड़ में नहीं आए तो अलग बात है। ऐसे शिकारी के ऊपर समय-समय पर धर पकड़ और विभाग के तरफ से कार्रवाई भी होती है। करंट लगाकर पशुओं का शिकार करने के मामले में जब्ती का करवाई विद्युत विभाग से ही होती है। ऐसे मामलों में दोनों विभाग के सहभागिता से ही काम होता है।

-निखिल सक्सेना
वन परिक्षेत्र अधिकारी बलरामपुर



महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोड़ीमोड़

शासकीय कालिदास महाविद्यालय प्रतापपुर में विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। अभाविप ने महाविद्यालय को चार प्रमुख समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग।

अभाविप ने महाविद्यालय में लगातार बढ़ रही फीस का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां अधिकांश विद्यार्थी जनजातीय क्षेत्र से आते हैं। ऐसे में लगातार फीस वृद्धि विद्यार्थीयों के लिए आर्थिक परेशानी का कारण बन रही है। फीस वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही महाविद्यालय के वाशरूम की खराब व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। वाशरूम के दरवाजे टूटे हुए हैं और नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण गंदगी बनी रहती है। अभाविप ने तत्काल मरम्मत एवं नियमित सफाई की व्यवस्था की मांग की साथ ही फीस काउंटर पर विद्यार्थियों से कथित अभद्र व्यवहार का मामला भी ज्ञापन में उठाया गया। वहीं नामांकन की हार्ड कॉपी जमा करते समय विद्यार्थीयों से 200 रुपये जनभागीदारी शुल्क लिए जाने पर भी सवाल उठाया गया। अभाविप का कहना है कि यह शुल्क प्रवेश के समय पहले ही लिया जा चुका है, इसलिए दोबारा लिया गया शुल्क वापस किया जाए।

अभाविप ने पांच दिनों में मांगें पूरी नहीं होने पर महाविद्यालय घेराव तथा आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान नगर मंत्री बरत लाल आयम, नरेन्द्र सिंह, राज यादव, अनु पैकरा, प्रमोद सिंह, राकेश कुमार, पवन पैकरा, देवेश कुमार, उमेश कुमार, मुरारी लाल, श्याम यादव, सत्या, अनुराधा, कांति, मुनिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

शासकीय अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर, 21 यूनिट रक्त संग्रह

बिश्रामपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान किया,शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित भगत सहित स्वास्थ्य अमले ने सक्रिय रहकर शिविर को सफल बनाया,शिविर में दसवीं बटालियन के जवानों,सहित बिश्रामपुर शासकीय महाविद्यालय के छात्र एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भी रक्तदान कर शिविर में सहभागिता दी,रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों की टीम सक्रिय रही।



शिवनंदनपुर नपं में आय-व्यय का ब्यौरा नहीं मिलने से उपाध्यक्ष नाराज, धरने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में आय-व्यय को लेकर प्रतिनिधियों के बीच खींचातानी बढ़ गई है,नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र सौंपकर नगर पंचायत के गठन से लेकर 31 अगस्त 2026 तक की वित्तीय गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा मांगा है जिसे अब तक प्रदान नहीं किया जा सका है,उन्होंने शासन से प्राप्त राशि, करों से हुई आय और विभिन्न मदों में किए गए व्यय सहित वित्तीय लेन-देन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

- उपाध्यक्ष ने नपं गठन से 31 अगस्त तक की 8 बिंदुओं पर वित्तीय गतिविधियों का मांगा है विस्तृत ब्योरा
- भाजपा व कांग्रेस प्रतिनिधियों में बढ़ी खिंचातानी

उपाध्यक्ष द्वारा सीएमओ को दिए गए पत्र में 8 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। इसमें राज्य एवं केंद्र शासन से विभिन्न मदों में प्राप्त स्वीकृति एवं राशि का पूरा विवरण, नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों से विभिन्न करों के माध्यम से प्राप्त आय तथा किन-किन मदों में राशि खर्च की गई, इसका ब्यौरा शामिल है। इसके साथ ही किसी भी राशि को खर्च करने से पूर्व स्वीकृति के लिए अपनाई गई प्रक्रिया, नगर पंचायत द्वारा अब तक खरीदी गई सामग्री की संपूर्ण सूची, सामग्री की स्वीकृत दर, संबंधित एजेंसी का नाम, भुगतान की गई राशि तथा भुगतान की तिथि की जानकारी भी मांगी गई है। पत्र में नगर पंचायत क्षेत्र में अब तक कराए गए निर्माण एवं विकास कार्यों पर हुए व्यय का मदवार विवरण उपलब्ध कराने के साथ ही दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए गए विज्ञापनों पर खर्च की गई राशि की जानकारी भी मांगी गई है। उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने पुनः स्मरण पत्र के माध्यम से सभी बिंदुओं की जानकारी अविलंब उपलब्ध कराने की मांग की है।जानकारी उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में नपँ परिसर में धरने पर बैठने की चेतावनी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई है, गौरतलब है कि नगर पंचायत के गठन के बाद पहली बार वित्तीय गतिविधियों और विभिन्न मदों में हुए खर्च का इस तरह विस्तृत हिसाब मांगे जाने से नगर पंचायत की सियासत गरमाने लगी है। हालांकि उपाध्यक्ष की ओर से जानकारी मांगने को वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही से जोड़कर देखा जा रहा है, वहीं नगर पंचायत के भीतर इसे आपसी खींचतान के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

आपसी तालमेल में आई कमी

गौरतलब है कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा है, जबकि उपाध्यक्ष पद कांग्रेस के पास है। 15 वार्डों वाली नगर पंचायत में आठ पार्षद कांग्रेस और सात पार्षद भाजपा के निर्वाचित हुए हैं। ऐसे में उपाध्यक्ष द्वारा वित्तीय गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा मांगे जाने के बाद नगर पंचायत की राजनीतिक खींचतान खुलकर सामने आने की चर्चा शुरू हो गई है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और शतरंज प्रतियोगिता ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले शहर के अग्रवाल समाज में उत्सव का माहौल है। अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला में समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में पुरुषों और बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर, दो वर्गों में हुई।

- मंच पर संस्कृति की छटा, शतरंज की बिसात पर दिमागी चालें

मंच पर प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों में मनोरंजन के साथ समाज की एकता और आपसी मेल-जोल का संदेश भी दिखाई दिया। महोत्सव के दौरान शतरंज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने सोच-समझकर चाल चली और अपनी रणनीतिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके अलावा ओम श्री अग्रदेवाय नमः लेखन प्रतियोगिता और कुर्सी दौड़ का आयोजन हुआ। महिलाओं और बालिकाओं के लिए भी मनोरंजक प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिनमें उन्होंने उत्साह से भाग लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने आयोजन का संचालन किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जयंती महोत्सव की प्रतियोगिताएं समाज के सभी आयु वर्गों को एक मंच पर लाने का अवसर हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है, वहीं समाज के सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव भी मजबूत होता है। अग्रसेन जयंती से पहले आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में लगातार मिल रही भागीदारी से समाज में उत्सव का उल्लास बना हुआ है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा मंच और शतरंज की बिसात पर चलती चालें आयोजन के खास आकर्षण रहे। आयोजनों को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, विनोद अग्रवाल, कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल, सचिन अग्रवाल, सुशील गोयल, चिराग गर्ग, अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। महिला सभा की अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग, अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया और कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने आयोजन में भूमिका निभाई।



शासकीय कन्या परिसर में जीवन ज्योति द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अम्बिकापुर। जीवन ज्योति हॉस्पिटल द्वारा आज शासकीय कन्या परिसर में महिलाओं में बढ़ती सर्वाइकल कैंसर की समस्या से बचाव एवं इसके लक्षणों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं परिसर के स्टाफ को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच, बचाव और उचित उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम से लगभग 300 छात्राएं एवं



50 शिक्षक/शिक्षिकाएं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के दौरान सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख लक्षणों, कारणों एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की समय पर पहचान होने पर इसका प्रभावी उपचार संभव है। इसके लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक स्क्रीनिंग जांच कराना महत्वपूर्ण है। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवहार अपनाने और चिकित्सक की सलाह के अनुसार एचपीवी टीकाकरण कराने के लिए भी प्रेरित किया गया।

पृष्ठ 1 का शेष

शारदीय नवरात्र : कल...

पंडाल निर्माण एवं सजावट का काम तेज- शारदीय नवरात्र को लेकर शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूजा समितियों द्वारा पंडाल निर्माण एवं साज-सज्जा का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मां दुर्गा के दरबार को आकर्षक रूप देने के लिए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। बैकुण्ठपुर शहर में ही दर्जनों स्थानों पर पूजा पंडाल तैयार कर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। इस बार भी विभिन्न समितियां आकर्षक सजावट और विशेष विद्युत रोशनी के माध्यम से पूजा स्थलों को सजाने में जुटी हैं। नवरात्र के दौरान इन पंडालों में नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।

देवी मंदिरों में जलेंगे मनोकामना ज्योति कलश- शारदीय नवरात्र के अवसर पर कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। रविवार को घट स्थापना के साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम शुरू होगा। श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की जाएगी। नवरात्र के दौरान प्रमुख देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाएगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

एलपीजी उपभोक्ताओं के...

जिला प्रशासन और इंडियन ऑयल के अधिकारियों के प्रयास सराहनीय- एमसीबी जिले के एलपीजी उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में जिला प्रशासन और खाद्य अधिकारी की तत्परता एवं सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल की गई तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग और इंडियन ऑयल के क्षेत्रीय प्रबंधक, रायपुर तथा राज्य कार्यालय, भोपाल के संबंधित अधिकारियों के निरंतर प्रयासों से 2,066 निलंबित एलपीजी कनेक्शनों को पुनः सक्रिय करने और ई-केवाईसी से जुड़ी तकनीकी समस्या का समाधान करने में सफलता मिली। इन समन्वित प्रयासों से जिले के हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। उपभोक्ताओं के हित में की गई इस पहल के लिए जिला प्रशासन, खाद्य अधिकारी, इंडियन ऑयल के क्षेत्रीय प्रबंधक, रायपुर तथा राज्य कार्यालय, भोपाल के सभी संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

अधिकारियों की तत्परता और आपसी समन्वय से गैस बुकिंग एवं ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सुचारू बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

चैम्बर ऑफ कॉमर्स और स्थानीय पार्षदों करेंगे संयुक्त आग्रह- एलपीजी उपभोक्ताओं को भविष्य में इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पंकज जैन, संजीव ताम्रकार और मनीष अग्रवाल सहित स्थानीय पार्षद पप्पू हुसैन, जमील शाह, इमरान खान एवं साईद भाई ने संयुक्त रूप से माननीय कलेक्टर महोदया से आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करने का निर्णय किया है। उनका कहना है कि कंपनी को निर्देशित किया जाए कि वह अपने ग्राहकों का आधार प्रमाणीकरण करने के बाद केवल उन्हीं उपभोक्ताओं की सूची तैयार करे, जिनके घरों में पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति वास्तव में शुरू हो चुकी है। यह सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सके। संयुक्त आग्रह में यह भी कहा गया है कि सूची प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन की टीम द्वारा चयनित घरों का स्थलीय सत्यापन कराया जाए तथा जांच के निष्कर्षों के आधार पर कलेक्टर महोदया का अनुमोदन प्राप्त किया जाए। इसके बाद ही नियमानुसार एलपीजी कनेक्शन के निलंबन अथवा स्थानांतरण की प्रक्रिया के लिए संबंधित कंपनी द्वारा उच्च अधिकारियों को सूची भेजी जाए। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों और स्थानीय पार्षदों का कहना है कि इस तरह की पारदर्शी एवं सत्यापन-आधारित व्यवस्था लागू होने से वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी, पात्र उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी और भविष्य में बिना आपूर्ति शुरू हुए एलपीजी कनेक्शन निलंबित होने जैसी समस्याओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी।

बलरामपुर में निकली भव्य सेवा ज्योति यात्रा, नागरिक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज : बलरामपुर



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय में भव्य सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर भाजपा जिला कार्यालय तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। यात्रा के पश्चात भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव संबोधन किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल सहित भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन ने कार्यक्रम को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनाया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना तथा सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान जिला प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, उपाध्यक्ष अजीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मुनि निकुंज,महामंत्री भानूप्रकाश दीक्षित, सेवा ज्योति यात्रा प्रभारी अजय गुप्ता, अजय यादव, मंगलम पांडेय, सुषमा मिंज, महेंद्र गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत निकली सेवा ज्योति यात्रा, योजनाओं का दिया संदेश

लखनपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा के माध्यम से लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। सेवा ज्योति यात्रा वार्ड क्रमांक 1 झिनपुरी पारा स्थित प्राथमिक शाला से प्रारंभ होकर बाजार पारा होते हुए वार्ड क्रमांक 2 झिनपुरी पारा में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया। यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया तथा नागरिकों को शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

परिंदा जो क्रांतिवीर बना, पद्मश्री समेत मिले कई अवॉर्ड

नाना की वो फिल्में, जिन्हें आज भी लोग करते हैं याद



मुंबई। कई दशकों तक भारतीय सिनेमा पर राज करने वाले दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपने फैंस को अलविदा कह गए। अभिनेता ने मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉलीवुड में कदम रखा। उन्होंने साल 1978 में फिल्म 'गमन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद इन्होंने 'आज की आवाज', 'परिंदा' और 'एंगर' जैसी फिल्मों में काम किया। उन्हें शुरुआत में सबसे ज्यादा पहचान फिल्म 'अग्नि साक्षी' से मिली। नाना पाटेकर उन चुनिंदा अभिनेताओं में रहे जिन्हें अभिनय के लिए तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। इसमें परिंदा के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता, क्रांतिवीर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अग्निसाक्षी के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता। साल 2013 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

मराठी फिल्मों में भी किया काम

लगभग पांच दशक लंबे अपने करियर में नाना पाटेकर ने कई तरह के रोल किए। वह सबसे कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर मशहूर थे। उन्होंने फिल्मों में खलनायक, विद्रोही, कॉमेडी और गंभीर भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड के अलावा उन्होंने मराठी, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। मराठी में उनकी मशहूर फिल्में 'सिन्हासन', 'पक पक पकाक' और 'नटसम्राट' शामिल हैं।

परिंदा- 1989

नाना पाटेकर फिल्म 'परिंदा' उनकी सबसे कामयाब फिल्मों में से एक है। इसमें उन्होंने अन्ना नाम के एक खतरनाक और सनकील्ड डॉन का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्हें बेहतरीन अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

तिरंगा- 1993


अभिनेता ने इसमें इंस्पेक्टर शिवाजीराव वाघले का किरदार निभाया था। यह किरदार बेहद दमदार और कड़क पुलिस अधिकारी का था। इसमें राज कुमार और ममता कुलकर्णी भी थे।

क्रांतिवीर- 1994

नाना पाटेकर को 'क्रांतिवीर' में बेहतरीन अदाकारी करने के लिए सर्वेश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसमें उन्होंने प्रताप नारायण तिलक का किरदार निभाया है। वह समाज में फैली भ्रष्ट व्यवस्था, सांप्रदायिक नफरत और राजनीतिक ताकतों के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

अग्नि साक्षी- 1996

इस फिल्म में अभिनेता ने विश्वनाथ का किदार



निभाया था। इसमें उन्होंने एक सनकी और हिंसक पति की भूमिका निभाई थी। इसमें मनीषा कोइराल और जैकी श्रॉफ थे। फिल्म में शानदार अभिनय करने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया।

अब तक छप्पन- 2004

इस फिल्म में अभिनेता ने मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्क्वाड के अनुभवी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर साधु आगाशे का किरदार निभाया था। यह किरदार मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक से प्रेरित था।

अपहरण- 2005

नाना पाटेकर की सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'अपहरण' भी शामिल है। इसमें उन्होंने तबेज आलम का किरदार निभाया था। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता ने एक शक्तिशाली और भ्रष्ट नेता के रूप में नजर आए थे।

वेलकम- 2007

कॉमेडी फिल्म 'वेलकम' में नाना पाटेकर ने उदय शंकर शेट्टी का किरदार निभाया था। इसमें वह एक खूंखार लेकिन मजाकिया अंडरवर्ल्ड डॉन बने थे। इसमें अक्षय कुमार, कट्रीना कैफ और परेश रावल भी थे।

राजनीति- 2010

प्रकाश झा के निर्देशन में बनी फिल्म 'राजनीति' में नाना पाटेकर ने बृज गोपाल का किरदार निभाया था। वह मुख्य राजनीतिक परिवार के मार्गदर्शक और सलाहकार की भूमिका में थे। इसमें कटरीना कैफ, रणबीर कपूर और अर्जुन रामपाल भी थे।

नटसम्राट- 2016

मराठी फिल्म 'नटसम्राट' में नाना पाटेकर ने गणपतराव 'अप्पा' बेलवलकर का किरदार निभाया था। इसमें उन्होंने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था जो कभी मशहूर नायक था। मगर बुढ़ापे में उन्हें परिवार की उपेक्षा और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है।

वनवास- 2024

इस फिल्म में नाना पाटेकर ने दीपक त्यागी (प्रताप सिंघाना) नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभाया था। यह किरदार भूलने की बीमारी से ग्रस्त होता है।

नाना की आखिरी फिल्म : नाना पाटकर की आखिरी फिल्म 'ओ रोमियो' थी। अभिनेता ने इसमें डीएसपी इस्माइल खान का किरदार निभाया था। उनका यह किरदार सख्त और तेजतर्रार पुलिस/इंटेलिजेंस अधिकारी का था। इसमें शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल थीं। 150 करोड़ की लागत से बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 123.10 करोड़ रुपए कमा सकी थी।

हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना

शाहरुख खान ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर भावुक श्रद्धांजलि दी है। नाना के साथ अपनी पुरानी तस्वीर साझा करते हुए शाहरुख ने उनके साथ पहली मुलाकात से लेकर उनकी दोस्ती, सीख और साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने बताया कि नाना अक्सर उन्हें अभिनय को लेकर समझाते थे। उनकी सबसे यादगार बातों में से एक थी, 'हीरो बनने के चक्कर में एक्टर मत खोना।' यही लाइन शाहरुख ने अपनी श्रद्धांजलि के अंत में भी दोहराई।



मैं भगवान को मार देना चाहता हूं

नाना पाटेकर के निधन की खबर सामने आने के बाद राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि हर कोई जानता है कि कोई भी इंसान अमर नहीं है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि नाना जैसे मजबूत शख्स इतनी अचानक इस दुनिया से चले गए। राम गोपाल वर्मा ने अपने पोस्ट में नाना की मौत को लेकर अपनी नाराजगी और बेबसी भी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि उन्हें नाना के दिल के फेल होने से नफरत है और ऐसा महसूस हो रहा है जैसे वह उस भगवान को मार देना चाहते हैं, जिसने अभिनय के भगवान नाना पाटेकर को उनसे छीन लिया।



बहुत याद आएंगे

अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने भी नाना पाटेकर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संदेश में केवल नाना के कलाकार के रूप में योगदान और उनकी प्रतिभा को याद किया। उन्होंने लिखा कि एक महान अभिनेता, शानदार व्यक्तित्व और अभिनय कला के सच्चे दिग्गज के निधन से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों में नाना का योगदान और अभिनय के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।



वह एक बेहतरीन अभिनेता थे

रितेश देशमुख ने लिखा, 'मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं कितना सदमे में हूं। ऐसा लग रहा है जैसे किसी ट्रक ने मुझे टक्कर मार दी हो। नाना पाटेकर जी के निधन की खबर सुनकर मैं बेहद दुखी हूं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। अपनी अलग शैली और अभिनय के खास अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई। ऐसा कोई किरदार नहीं था, जिसे वह निभा न सकें। उन्होंने हर तरह के किरदार में खुद को साबित किया- चाहे वह एक बड़े पर्दे के हीरो का किरदार हो, डरावने विलेन का या फिर अपने शांत अंदाज वाली कॉमेडी का। वह पर्दे के बाहर भी एक हीरो थे।



जब परदे पर गरजे नाना, आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने डायलॉग बोलने का अंदाज भी लोगों को आता था काफी पसंद

नाना पाटेकर ने 'गमन' फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की और 'ओ रोमियो' तक में काम किया। अभिनेता की सिर्फ फिल्में ही नहीं, बल्कि उनके डायलॉग्स भी काफी चर्चा में रहे। 'साला ये दुख काहे खत्म नहीं होता बे'... नाना पाटेकर सिर्फ अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए नहीं जाने जाते थे। बल्कि, उनके बोलने का अंदाज भी लोगों को काफी पसंद आता था। यही वजह थी कि जब वह अपनी फिल्मों में किसी डायलॉग को बोलते थे, तो वह छा जाता था। अभिनेता ने कभी गुस्से में बोलकर तालियां बटोरीं, तो कभी एक साधारण-सी बात को अपने अंदाज से ऐसा बना दिया कि वह वर्षों तक याद रही। 'क्रांतिवीर' से लेकर 'वेलकम' तक उनके संवादों ने उनके किरदारों को अलग पहचान दी। खास बात यह रही कि नाना की संवाद अदायगी में अभिनय और वास्तविकता के बीच की दूरी लगभग खत्म हो जाती थी। आइए नजर डालते हैं उनके 10 ऐसे संवादों पर, जिनका असर फिल्मों के बाहर भी दिखाई दिया।

आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने

यह शायद नाना पाटेकर के कॅरियर का सबसे पहचाना जाने वाला संवाद है। 'क्रांतिवीर' के एक सीन में बोले गए इस डायलॉग में गुस्सा, चुनौती और व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह तीनों दिखाई देते हैं। नाना की आवाज और चेहरे के भाव ने इसे महज एक फिल्मी लाइन नहीं रहने दिया। आज भी यह डायलॉग उनके नाम के साथ सबसे पहले याद किया जाता है।

ये मुसलमान का खून, ये हिंदू का खून... बता इसमें मुसलमान का कौन सा, हिंदू का कौन सा?'

अभिनेता का दूसरा डायलॉग भी फिल्म 'क्रांतिवीर' से ही है। इसका असर सिर्फ सिनेमाई नहीं था। नाना का किरदार धर्म के नाम पर होने वाली हिंसा पर सीधा सवाल खड़ा करता है। सवाल बेहद सरल था, लेकिन उसकी ताकत इसी सादगी में थी। खून का रंग एक है तो इंसानों को धर्म के नाम पर अलग क्यों किया जाए? यह संवाद आज भी 'क्रांतिवीर' के सबसे प्रभावशाली दृश्यों में गिना जाता है।

सौ में से अस्सी बेईमान फिर भी मेरा भारत महान

यह डायलॉग व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नाना के किरदार की नाराजगी को सामने रखता है। व्यंग्य के अंदाज में कही गई यह लाइन इतनी लोकप्रिय हुई कि लंबे समय तक भ्रष्ट व्यवस्था पर टिप्पणी करते समय इसे दोहराया जाता रहा। नाना की आवाज ने इस व्यंग्य को और धार दी।

एक मच्छर साला आदमी को हिजड़ा बना देता है

'यशवंत' का यह डायलॉग नाना की आक्रामक संवाद अदायगी का बेहतरीन उदाहरण है। लाइन के शब्द भले ही तीखे हों, लेकिन इसे लोकप्रिय बनाने में नाना की प्रस्तुति का बड़ा योगदान रहा। यह उन डायलॉग में शामिल हो गया, जिनका जिक्र नाना पाटेकर के नाम के साथ आज भी तुरंत होता है।

धंधे में कोई किसी का भाई नहीं होता

'परिंदा' में नाना ने अन्ना के किरदार में अपराध की दुनिया का निर्मम चेहरा दिखाया था। यह डायलॉग उस दुनिया के उसूल को बेहद सीधे शब्दों में सामने रखता है, जहां रिश्तों से ज्यादा मायने स्वार्थ और धंधे का होता है। इस भूमिका ने नाना को हिंदी सिनेमा के सबसे प्रभावशाली नेगेटिव किरदारों में जगह दिलाई।

टीवी मसाला



क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के स्लॉट पर आएगा अप्सरा

नई दिल्ली। स्टार प्लस के आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' के ऑफ-एयर होने की खबर सामने आते ही टीवी गलियारों में हलचल तेज हो गई थी। लेकिन, अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर वो कौन सा शो है और क्या है उसका कॉन्सेप्ट, जो तुलसी और मिहिर विरानी के इस चर्चित पारिवारिक ड्रामे को रिप्लेस करने जा रहा है? 21 अक्टूबर से रात 10:30 बजे शुरू हो रहा नया सुपरनैचुरल फैंटेसी शो 'अप्सरा' टीवी के पारंपरिक दायरे को तोड़कर दर्शकों को एक ऐसी अलौकिक दुनिया में ले जाने वाला है, जिसकी कल्पना अब तक किसी शो में नहीं की गई थी। मुक्ता धोंड के प्रोडक्शन में बने इस शो की कहानी प्राचीन पौराणिक कथा 'समुद्र मंथन' के उस अनकहे हिस्से से शुरू होती है, जहां से अमृत कलश और अप्सराओं की उत्पत्ति हुई थी। शो का प्लॉट एक बेहद हैरान कर देने वाली कल्पना पर आधारित है। कलयुग के इस दौर में भी वह दिव्य अमृत कलश धरती पर ही मौजूद है, और स्वर्गलोक ने इस अमृत को बुरी ताकतों से सुरक्षित रखने का जिम्मा अप्सराओं के कुल को सौंपा हुआ है। ये अमृत अगर किसी गलत हाथ में चला गया, तो पूरी मानव सभ्यता का विनाश निश्चित है। आमतौर पर टीवी और फिल्मों में अप्सराओं को केवल सुंदरता, मोहक अदाओं और नृत्य के लिए दिखाया जाता रहा है। लेकिन शो में लीड रोल निभा रहीं समिक्षा जायसवाल (सुनहरी) इस रूढ़िवादी छवि को पूरी तरह तोड़ती नजर आएंगी। सुनहरी कोई ऐसी अप्सरा नहीं है जो किसी राजकुमार या नायक के आने का इंतजार करे, बल्कि वह खुद अपनी लड़ाई की नायक और एक निपुण योद्धा है। लेकिन, इस लड़ाई में सबसे बड़ा मोड़ और दर्द तब आता है, जब अमृत कलश पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली कोई और नहीं, बल्कि उसकी अपनी सगी बहन धारा (अनुष्का मर्चेंडे) बन जाती है। अपनों के प्रति प्यार और अमृत की रक्षा के कर्तव्य के बीच सुनहरी का यह अंदरूनी संघर्ष कहानी को बेहद भावुक मोड़ देता है।

स्काउट-काजी में झगड़ा, कैप्टेंसी डिबेट में मचा बवाल

नई दिल्ली। कलर्स और जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहे देश के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ रिश्तों की उलझन और कड़वाहट नए चरम पर पहुंच रही है। जिस एपिसोड का आगाज यंग डीएसए, लव गिल और आम्रपाली दुबे के बीच की हल्की-फुल्की हंसी-मजाक से हुआ था, वही दिन ढलते-ढलते एक भयंकर सियासी और आक्रामक अखाड़े में तब्दील हो गया। कैप्टेंसी की अगली दावेदारी हासिल करने के लिए मेकर्स ने घर के भीतर एक लाइव टेलीविजन न्यूजरूम खड़ा कर दिया, जहां मर्यादा की सीमाएं लांघी गईं और दो कंटेस्टेंट्स के बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई। डिबेट की यह चिंगारी मंच से उतरकर सीधे लिविंग एरिया में धधक उठी। काजी के मुद्दे पर बात करते-करते गेमर स्काउट ओपी और काजी तौकीर के बीच जुबानी जंग इतनी बढ़ गई कि दोनों अपना आपा खो बैठे। गुस्सा इस कदर भड़का कि दोनों एक-दूसरे पर झपटने को तैयार हो गए और मामला सीधे तौर पर हाथापाई तक पहुंच गया।



बीएफआई लंदन... में दिखाई जाएगी पाकीजा

नई दिल्ली। 18 अक्टूबर होने वाले प्रतिष्ठित 'बीएफ़आई लंदन फ़िल्म फ़ेस्टिवल' में हिंदी सिनेमा की क्लासिक फ़िल्म 'पाकीज़ा' एक नए 4केरेस्टोरेशन के साथ बड़े पर्दे पर लौटने जा रही है। सेंट्रल लंदन के बीएफ़आई आईमैक्स में होने वाली इस ख़ास स्क्रीनिंग के सभी टिकट करीब एक महीने पहले ही पूरे बिक चुके हैं। टिकटों का 'सोल्ड आउट' होना इस बात की गवाही है कि रिलीज़ के 54 साल बाद भी 'पाकीज़ा' का जादू बरक़रार है। गुज़रा वक़्त उसकी चमक को धुंधला नहीं कर पाया। निर्देशक कमाल अमरोही की इस क्लासिक फ़िल्म का संरक्षण 'फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन' ने अमरोही परिवार के सहयोग से किया है। इस नए वर्जन का वर्ल्ड प्रीमियर फ्रांस के ल्यों में 'फेस्टिवल ल्यूमिएर' में होगा, जिसके बाद इसे 'बीएफ़आई लंदन फिल्म फ़ेस्टिवल' में दिखाया जाएगा।



बड़े पर्दे पर पहली बार बाप-बेटे की भिड़ंत

मुंबई। साउथ इंडस्ट्री से नवंबर 2026 में एक अनचाहा क्लैश देखने को मिलने वाला है। सिनेमाघरों में बाप और बेटे आपस में टकराने जा रहे हैं। एक तरफ मामूटी की फिल्म ओम होगी, वहीं दूसरी तरफ दुलकर सलमान की रोमांटिक मूवी आकासम लो ओका तारा। दोनों ही फिल्में टक्कर की लग रही हैं इस वजह से इसे आने वाले समय का एक रोचक बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। साथ ही सिनेमा के इतिहास में ये दोनों बाप-बेटे भी बॉक्स ऑफिस पर पहली बार टकरा रहे हैं। अगर दोनों फिल्मों के बीच क्लैश की बात करें तो राजकुमार पेरियासामी की फिल्म ओम पहले 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी। लेकिन रजनीकांत की जेलर 2 की रिलीज के चलते ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है।

लौटकर आ रहा है सेनापति, कमल की इंडियन 3 का ऐलान

साउथ सिनेमा के वेटरन एक्टर के तौर पर कमल हासन को जाना जाता है। बात की जाए कमल के एक्टिंग कॅरियर की आइकॉनिक मूवीज के बारे में तो उसमें साल 1996 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन का नाम शामिल होता है। करीब 28 साल बाद साल इंडियन का सीक्वल रिलीज किया गया। अब मेकर्स की तरफ से कमल हासन स्टारर इंडियन 3 की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। साथ ही फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर भी साझा किए गए हैं।

नई दिल्ली। करीब 6 दशकों से बतौर अभिनेता कमल हासन सिनेमा जगत में एक्टिव हैं। वैसे तो उन्होंने कई यादगार फिल्में की हैं, लेकिन इंडियन फिल्म फ्रेंचाइजी सबसे खास मानी जाती है। 90 के दशक में शुरू हुई इस सुपरहिट मूवी फ्रेंचाइजी को अब मेकर्स तीसरी किस्त तक ले जाना चाहते हैं। जिसके आधार पर गुरुवार को कमल हासन की इंडियन 3 की अनाउंसमेंट की गई है। दरअसल, 8 अक्टूबर को इंडियन 3 के प्रोडेक्शन



हाउस लाइका प्रोडक्शंस की तरफ से इस मूवी फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट इंडियन 3 का आधिकारिक ऐलान किया गया है। इंडियन 3 के अलावा कमल हासन का नाम लंबे समय से निर्देशक नाग अश्विन की अपकमिंग मूवी कल्कि 2898 एडी के सीक्वल के लेकर चर्चा में बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अगले साल 2027 में कमल की कल्कि को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। इस मूवी में वह यास्किन का नेगेटिव रोल प्ले करते दिखेंगे।

इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी कई बेहतरीन फिल्में और सीरीज

परिणीति उठाएंगी जनता के मुद्दे, महिलाओं की सुरक्षा करेंगी कनी

नई दिल्ली। मौसम बदल रहा है। उत्तर भारत में गर्मी से राहत मिली है। अब रातें ठंडी हो रही हैं। ऐसे में लोग घर से बाहर निकल कर घूमने-फिरने जा रहे हैं। कुछ लोग अच्छा वक्त बिताने के लिए सिनेमा का रुख कर रहे हैं। कई लोग घर पर बैठ कर मौसम का आनंद लेना चाहते हैं। इन लोगों के लिए यह वीकएंड खास होने वाला है, क्योंकि इस वीकएंड ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।

रिपोर्टिंग लाइव : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 09 अक्तूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। परिणीति के अलावा फिल्म में देवेन भोजानी, अमोल पालेकर, आदिल हुसैन और शेखर सुमन जैसे सितारे हैं।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। मगर, अब तक यह सिर्फ रेंट पर उपलब्ध थी। इसे देखने के लिए दर्शकों को जेब ढीली करनी पड़ रही थी। मगर, अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 09 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

आइज: मलयालम वेब सीरीज 'आइज' 9 अक्टूबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। इसकी कहानी पुलिस अफसर टीना सेबेस्टियन (कनी कुसरुति) के आस-पास घूमती है। वह स्टॉकिंग के परेशान करने वाले मामलों की जांच करती हैं। इन मामलों को सुलझाने के लिए वह मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करती हैं, ताकि अपराधियों की सोच को समझ सकें।







मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 08 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

बिलो : *यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 08 अक्तूबर 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है। शहर पर अचानक एक रहस्यमयी समुद्री जीव का आतंक शुरू हो जाता है। ऐसे में एक मछुआरा सामने आता है, जो अपने समुदाय और परिवार की सुरक्षा के लिए खतरनाक जीव से दो-दो हाथ करता है।*

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट : *अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।*

एनिमल्स : *यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 09 अक्तूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेराडों मेंडेज हैं। यह एक राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो एक मेयर पद के उम्मीदवार के इर्द-गिर्द घूमती है।*

खबर संक्षेप

सोनहत में कांग्रेस ने मनाया ब्लैक डे



सोनहत। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शुक्रवार को सोनहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लैक डे मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और सच पर हो रहे हमलों के विरोध में प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे पूर्व विधायक कार्यालय के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिंह के नेतृत्व एवं उपस्थिति में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में कांग्रेस के झंडे और ब्लैक डे के पोस्टर लेकर विरोध जताया।

आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



बैकुण्ठपुर। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 स्थित जूनापारा आंगनबाड़ी केन्द्र में 9 अक्टूबर को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई। साथ ही 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व में बारे में जानकारी दी गई।

निधन

शंकर सिंह



मनेन्द्रगढ़। एमसीबी प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार रंजीत सिंह के पिता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक शंकर सिंह (81 वर्ष) का शुक्रवार प्रातः निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, पत्रकार जगत, शिक्षा क्षेत्र तथा शुभचिंतकों में शोक की लहर है। स्व. सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार को विधिवत सम्पन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा वार्ड क्रमांक 16 स्थित बिजली ऑफिस के पास उनके निज निवास से निकाली गई, जिसमें परिजन, पत्रकार साथी, सामाजिकजन एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक शामिल हुए। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने शंकर सिंह के सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक के रूप में उनके द्वारा दी गई सेवाएं और समाज एवं विद्यार्थियों के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार रंजीत सिंह एवं शोकाकुल परिवार के प्रति उपस्थित लोगों ने संवेदना व्यक्त करते हुए इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

पैरालीगल वॉलंटियर्स पीएलवी का प्रशिक्षण कार्यक्रम

साइबर ठगी के पीड़ितों को मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा ठगी गई राशि की वसूली की प्रक्रिया में सहयोग देने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर द्वारा पैरालीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष योगेश पारीक के मार्गदर्शन तथा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में साइबर सेल के सहयोग से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित हुआ।

उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 4 अगस्त 2026 के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साइबर अपराध पीड़ित व्यक्ति को विधिक सहायता एवं ठगी गई राशि की वसूली योजना, 2026 तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर में साइबर कानूनी सहायता प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। यह प्रकोष्ठ साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को शिकायत दर्ज कराने से लेकर बैंक, साइबर पुलिस तथा न्यायालयीन स्तर पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर सेल बैकुण्ठपुर, कोरिया के विशेषज्ञ शिवम सिंह ने सक्रिय पैरालीगल वॉलंटियर्स को साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों, उनसे बचने के उपायों और पीड़ितों को समय पर उचित सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के बाद पैरालीगल वॉलंटियर्स आम नागरिकों के बीच पहुंचकर साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। साथ ही, साइबर अपराध से पीड़ित जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जोड़ेंगे और योजना के अंतर्गत उपलब्ध विधिक सहायता प्राप्त करने में सहयोग करेंगे। प्रस्तावित साइबर कानूनी सहायता प्रकोष्ठ में प्राधिकरण की सचिव, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वॉलंटियर्स, साइबर पुलिस अधिकारी, बैंक के नोडल अधिकारी तथा संबंधित अभिलेखीय कर्मचारी शामिल होंगे। प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी पीड़ितों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने, पुलिस एवं बैंक के साथ समन्वय स्थापित करने और मामलों की निगरानी करने की होगी। यदि साइबर ठगी की राशि किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में पहुंच जाती है, तो प्रकोष्ठ पीड़ित को संबंधित खातों की पहचान तथा प्रचलित कानूनी प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई में सहायता प्रदान करेगा।

ग्रामीण विकास कार्यों की गुणवत्ता से समझौता करें

जिपं सीईओ ने दर्जनभर ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बैकुंठपुर विकासखंड की लगभग दर्जनभर ग्राम पंचायतों का सघन भ्रमण कर निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायत की टीम के सदस्य उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने ग्राम पंचायत जमगहना में सामुदायिक उपयोग के लिए बनाए जा रहे मुक्तिधाम शेड एवं बालिका शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद ग्राम पंचायत डबरीपारा, डकईपारा, रनई और सारा में विभिन्न बालिका विद्यालयों में निमार्णाधीन शौचालयों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत तेंदुआ एवं डुमरिया पहुंचकर आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा निर्माण में गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सलवा में भ्रमण के दौरान सीईओ श्री श्रीवास ने एग्रीस्टैक के तहत पंजीयन करा रहे किसानों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने किसानों से खेती-किसानी से जुड़ी आवश्यकताओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन प्रक्रिया के महत्व पर भी चर्चा की। अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत सलवा में संचालित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भी पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र के संचालक से उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से सहजता से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने संबंधित निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण विकास के कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के तहत निर्मित होने वाले भवनों एवं अन्य संसाधनों का वास्तविक लाभ तभी मिल सकेगा, जब उनका निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा।

नवप्रवेशित छात्राओं ने गीत-नृत्य से बिखेरा प्रतिभा का रंग

बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 8 अक्टूबर को बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने गीत, संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य भारत सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ नवप्रवेशित छात्राओं के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षकों को तिलक लगाकर और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वागत की इस परंपरा ने नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय परिवार से जुड़ने का आत्मीय अवसर प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने विभिन्न गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों पर उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को पढ़ाई के साथ अपनी कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को निखारने का अवसर मिला। कार्यक्रम में डॉ. सुमित कुमार डे, वरुण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञान चंद्र पाल, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।



गोंडवाना रानी दुर्गावती का जन्मोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

समीपस्थ ग्राम पंचायत सिरौली में राष्ट्र की महान क्रांतिकारी वीरांगना रानी दुर्गावती का जन्मोत्सव बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं चंदन-रोली लगाकर पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला एमसीबी शरण सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की महान वीरांगना, अद्भुत शक्ति, शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक थीं। गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को तत्कालीन कालिंजर राज्य के चंदेल राजवंश के राजा कीरत सिंह के घर हुआ था। रानी दुर्गावती को बचपन से ही तेजस्वी एवं कुशाग्र बुद्धि की धनी बताया जाता है। उन्हें घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्धकला का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त था। विवाह के बाद उन्होंने गढ़ा-मंडला (गोंडवाना) राज्य की जिम्मेदारी संभाली। राजा दलपत शाह की असामयिक मृत्यु के बाद पुत्र वीर नारायण के कम उम्र में होने के कारण रानी ने लगभग 16 वर्षों तक स्वयं राज्य का कुशल संचालन किया। उनके शासनकाल में कानून व्यवस्था, सीमा सुरक्षा, कृषि और सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया गया। जल संरक्षण के लिए कई कुएं, बावली और बांध बनवाए गए। गढ़ा-मंडला को समृद्ध और शक्तिशाली राज्य के रूप में पहचान मिली। वर्ष 1564 में आसफ खान के नेतृत्व में मुगल सेना ने गढ़ा-मंडला पर आक्रमण किया। रानी दुर्गावती ने अदम्य साहस के साथ मुगल सेना का मुकाबला किया। युद्ध में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया और मातृभूमि तथा स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोरिया गोंड समाज पचासी के अध्यक्ष तेजमान सिंह, कृष्णा सिंह एवं पूर्व सरपंच अमोल सिंह ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती को गोंड समाज का आन-बान-शान तथा नारी समाज का रोल मॉडल बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने खोला मोर्चा



अनूपपुर। पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है। संघ ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। साथ ही, मांगें पूरी होने तक ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया है। पटवारी संघ के अनुसार, देवास सहित प्रदेश के अन्य जिलों में पटवारियों के विरुद्ध की जा रही दंडात्मक कार्रवाई अनुचित है। संघ ने इन कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेने की मांग उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की अपील की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता और दंडात्मक कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संघ ने अपनी मांगों से अवगत कराया है। पटवारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के ऐलान से जिले में राजस्व विभाग के कामकाज पर असर पड़ने की आशंका है। ऑनलाइन राजस्व कार्यों से पटवारियों के विरत रहने की स्थिति में आम नागरिकों को भूमि संबंधी प्रकरणों, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य जरूरी राजस्व सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब देखना होगा कि प्रशासन संघ की मांगों पर क्या रुख अपनाता है और आंदोलन को समाप्त कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

पटेल कॉलेज के 30 छात्रों का संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर में कैंपस सिलेक्शन

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



चिरमिरी स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के.बी. पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। कॉलेज में आयोजित हालिया कैंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू में संस्थान के कुल 30 छात्र-छात्राओं का चयन रायपुर के सुप्रसिद्ध संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ है।

इस चयन प्रक्रिया में बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष (8वां सेमेस्टर) और जीएनएम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हॉस्पिटल प्रबंधन ने उन्हें नियुक्त किया है। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का चयन होना पूरे क्षेत्र और कॉलेज के लिए बेहद हर्ष और गौरव का विषय है। गौरतलब है कि यह गौरवमयी शिक्षण संस्थान वर्ष 2011 से निरंतर संचालित है। कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए छात्र आज न केवल देश के विभिन्न राज्यों में, बल्कि विदेशों के भी जाने-माने और प्रतिष्ठित अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर व अन्य प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अभूतपूर्व सफलता पर संस्था के चेयरमैन चंद्रकांत पटेल ने चयनित सभी छात्र-छात्राओं को फोन के माध्यम से विशेष बधाई संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और कॉलेज के फैकल्टी के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। कॉलेज के डायरेक्टर विश्वजीत बारीक ने सभी चयनित बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, आप जीवन में जहां भी कार्य करें, पूरी ईमानदारी, दिल और मन लगाकर करें। आपका सेवा भाव ही आपकी असली पहचान बनेगा। संस्थान की प्रिंसिपल डॉ. प्रियंशु सिंह थॉमस ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल करियर की कामना की। उन्होंने कहा कि कॉलेज आगे भी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस बड़ी उपलब्धि से कॉलेज स्टाफ, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है।

बेटियों के आत्मविश्वास बढ़ाने सरकारी कार्यालयों का भ्रमण

बैकुण्ठपुर। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बिटिया अभियान के माध्यम से बेटियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढाने हेतु उन्हें सरकारी कार्यालयों का भ्रमण कराया गया। बेटियों को सरकारी कार्यालयों में भ्रमण कराए जाने से उन्हे प्रशासनिक व्यवस्था और जनसेवा को समझने का अवसर मिला एवं इसके साथ ही उनमें नीति निर्माण और नेतृत्व के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए बालिकाओं को सशक्त बनाने व उनकी उत्तरजीविता को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। बेटियों को सरकारी कार्यालयों में भ्रमण से बलिकाओं को उनके अधिकारों एवं कार्यक्षेत्र हेतु जागरूक किया गया। जिसमें 07 अक्टूबर 2026 को जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला कोरिया, साईबर सेल थाना बैकुण्ठपुर एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बैकुंठपुर के कार्यालयों में सेजेस पोड़ी बचरा, उ.मा.वि. सारा एवं उ. मा.वि. जामपानी का भ्रमण कराया गया। तथा 08 अक्टूबर 2026 को कार्यालय जनपद पंचायत सोनहत, कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सोनहत एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत के कार्यालयों में शा.उ.मा.वि. रामगढ़, शा.उ.मा.वि. अकलासरई एवं शा.उ.मा.वि. सुन्दरपुर के बालिकाओं को भ्रमण कराया गया।



लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस ने मनाया काला दिवस



बैकुण्ठपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश तथा जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर ग्रामीण के तत्वावधान में लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए काला दिवस मनाते हुए धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यवत सिंह, महामंत्री बृजवासी तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गोयन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रमाशंकर कुशवाहा, पूरन सिंह, बच्चा लाल, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष चांदनी सोनी, श्रीमती सविता सोलंकी, सचिव विजय बघेल, पटना मंडल अध्यक्ष परेश सिंह, बुढ़ार मंडल अध्यक्ष राजू भगत, बड़गांव मंडल अध्यक्ष रामसाय सोरी, ओडगी मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन यादव, राजीव गांधी पंचायत राज के प्रभारी श्रीमती संगीता राजवाड़े एवं ब्लॉक महामंत्री अमन देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री, आशीष अग्रहरी, अनिल जायसवाल, ठाकुर ईश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में जोश टीम लांच का हुआ सीधा प्रसारण

नई दिल्ली से खड़गवां तक जुड़ा टीबी मुक्त भारत अभियान

हरिभूमि न्यूज. बैकुंठपुर

भारत को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय अभियान में आज एमसीबी जिले ने जनभागीदारी की मजबूत मिसाल पेश की। सशक्त एमसीबी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत मैदान, खड़गवां में राज्य स्तरीय टीबी मुक्त भारत अभियान, जोश टीम लांच एवं टीबी मुक्त विकासखंड (संपूर्ण क्षय सुरक्षित) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एक ओर नई दिल्ली के भारत मंडपम से टीमों के राष्ट्रीय शुभारंभ का लाइव वर्चुअल प्रसारण हुआ, वहीं दूसरी ओर जिले की 199 ग्राम पंचायतों में से 177 ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने की उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। इस

177 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को स्वास्थ्य मंत्री ने दिया सम्मान



उपलब्धि के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज श्रेणी में गांधी प्रतिमा तथा शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के संचालक/आयुक्त सह-संचालक संजीव कुमार झा, कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, महापौर नगर पालिक निगम चिरमिरी रामनरेश राय, सभापति नगर पालिक निगम चिरमिरी संतोष सिंह, नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, कोरिया जिले की सोनहत जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी, सरगुजा जिले की बतौली जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिर्की, रायगढ़ जिले के घरघोड़ा जनपद अध्यक्ष सहनू पैकरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, जनपद अध्यक्ष खड़गवां श्याम बाई मरकाम, जनपद पंचायत खड़गवां उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह करियाम, योग आयोग छग शासन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर पंचायत जनकपुर अध्यक्ष कौशल पटेल, जनपद सदस्य खड़गवां युगांतर श्रीवास्तव सहित जिलेभर के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए विभिन्न स्टॉलों के निरीक्षण से हुई। उन्होंने टीबी जांच, स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य सेवाओं तथा जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से आम नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने, टीबी की समय पर पहचान तथा मरीजों को नियमित उपचार से जोड़ने के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

